


# खेल ढाबा

Khel dhaba.com

पटना, रविवार, 08 जून, 2025 वर्ष-1 ॥ अंक-8 ॥ पृष्ठ-2 ॥

डिजिटल समाचार






गिल को लंबे समय तक कप्तानी मिले पेज-02 हॉकी में भारत हारा पेज-02 भारत ए के खिलाफ इंग्लैंड लायंस के 3/192 पेज-02



# लाल बजरी की नई मल्लिका कोको गॉफ

**पेरिस, 7 जून।** अमेरिका की कोको गाफ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शीर्ष रैंकिंग वाली एरिना सबालेंका को 6-7, 6-2, 6-4 से हराकर पहली बार फ्रेंचओपन महिला एकल खिताब जीत लिया।

अमेरिका की 21 साल की दूसरी रैंकिंग वाली गाफ इससे पहले 2023 अमेरिकी ओपन जीत चुकी हैं। रोलां गैरो पर 2013 के बाद पहली बार दुनिया की पहले और दूसरे नंबर की खिलाड़ी के बीच फाइनल खेला गया। बारह साल पहले सेरेना विलियम्स ने मारिया शारापोवा को हराकर खिताब जीता था।

पिछले 30 साल में यह दूसरी बार है जब खिताबी भिड़ंत शीर्ष दो खिलाड़ियों के बीच हुई है। गाफ के दूसरे मैच पॉइंट पर सबालेंका के बैकहैंड शॉट के वाइड होने के साथ खिताब अपने नाम किया। वह जीत दर्ज करने के बाद पीठ के बल लेट गयी और अपने चेहरे को दोनों हाथों से ढक लिया। उन्होंने फिर अपने सिर को कोर्ट पर टिकाया और नेट पर सबालेंका का अभिवादन करने के बाद दर्शक दीर्घा में मौजूद फिल्म निर्देशक स्पाइक ली को गले लगाया और अपने साथियों के साथ जश्न मनाया। गाफ तीसरे सेट में अहम मौके पर अपने खेल का स्तर उंचा करने में सफल रही। उन्होंने इस सेट के तीसरे गेम में शानदार रैली जीत कर बेलारूस की सबालेंका पर दबाव बनाये रखा। उनके ड्रॉप शॉट और रिटर्न को संभालने में सबालेंका लगातार संघर्ष करते दिखी।

इससे पहले कांटे की टक्कर वाले शुरुआती सेट को 6-7 से गंवाने के बाद गॉफ ने शानदार वापसी करते हुए दूसरे सेट को एकतरफा अंदाज में 6–2 से जीता।

उन्होंने दमदार बैकहैंड रिटर्न से सबालेंका की सर्विस को दो बार ब्रेक कर दबदबा कायम किया। सबालेंका शुरुआती सेट में 4-1 की बढ़त बनाने में सफल रही लेकिन उन्होंने लगातार गलतियों और डबल फॉल्ट कर गाफ को वापसी का मौका दे दिया।

गॉफ ने स्कोर को 4-4 किया लेकिन सबालेंका ने अमेरिका की खिलाड़ी की सर्विस को ब्रेक कर फिर से 5-4 की बढ़त बना ली। गॉफ ने धैर्य और संयम बनाये रखते हुए एक बार फिर से स्कोर बराबर किया। लगभग 80 मिनट तक चले इस सेट का फैसला टाई ब्रेक से हुआ जिसमें सबालेंका एक समय 0-3 से पिछड़ रही थी लेकिन वह खराब शुरुआत से उबरने में सफल रही। इस सेट के बाद 27 साल की सबालेंका पर थकान हावी होती दिखी तो वहीं गाफ ने संयम और धैर्य का शानदार मिश्रण दिखाया। गाफ 18 साल की उम्र में 2022 फ्रेंच ओपन फाइनल हार गई थीं लेकिन उन्होंने 2023 अमेरिकी ओपन के फाइनल में सबालेंका को हराया था। सबालेंका तीन बार ग्रैंड स्लैम चैंपियन रही है लेकिन यह उनका पहला फ्रेंच ओपन फाइनल था। सबालेंका ने पिछले महीने क्ले कोर्ट पर ही खेले गये मैड्रिड ओपन के फाइनल में गाफ को हराया था लेकिन इस बार गॉफ बेहतर तैयारी के साथ आयी थी।

### ग्रैंड स्लैम एकल खिताब

| | |
|---|---|
| ऑस्ट्रेलियन ओपन | 2024 |
| फ्रेंच ओपन | 2025 |
| विंबलडन | 2019,2021,2024 |
| यूएस ओपन | 2023 |

### फ्रेंच ओपन टेनिस

- महिला एकल के फाइनल में एरिना सबालेंका को हराया
- रोलां गैरो पर 2013 के बाद पहली बार दुनिया की पहले और दूसरे नंबर की खिलाड़ी के बीच फाइनल

# ताइवान ओपन एथलेटिक्स में भारत को 6 स्वर्ण

**ताइपे सिटी, 7 जून।** एशियाई चैंपियन ज्योति याराजी ताइवान एथलेटिक्स ओपन में शनिवार को महिलाओं की सौ मीटर बाधा दौड़ में अव्वल रही और भारत के छह एथलीटों को स्वर्ण पदक मिला। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी याराजी ने 12.99 सेकेंड का समय निकाला। जापान की असुका तेराडा (13.04 सेकंड) और चिसातो कियोयामा (13.10 सेकेंड) को क्रमशः रजत और कांस्य पदक मिला। याराजी ने एशियाई चैम्पियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता था जिसमें उन्होंने 12.96 सेकेंड का समय निकाला था।

राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी तेजस सिरसे ने पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में 13.52 सेकेंड का समय निकालकर स्वर्ण जीता। भारत की चार गुणा 100 मीटर रिले टीम (गुरिंदरवीर सिंह, अनिमेष कुजूर, मणिकांता होबलीधर और अमलान बोरगोहेन) ने 38.75 सेकेंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। वे अपने ही 38.69 सेकेंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से सेकेंड के 600वें हिस्से से चूक गए। वे हालांकि टोक्यो विश्व चैम्पियनशिप के क्वालीफाइंग मार्क से भी चूक गए। सितंबर में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप के लिए 14 देश क्वालीफाई कर चुके हैं और अब दो ही स्थान उपलब्ध हैं। नाइजीरिया और नीदरलैंड 38.20 सेकेंड के साथ दौड़ में आगे हैं।

महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर रिले टीम (सुधीक्षा वदलुरी, स्नेहा सत्यनारायण, अबिनाया राजाराजन और नित्या गंधे) ने भी 44.06 सेकेंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। अब्दुला अबूबाकर और पूजा ने क्रमशः पुरुषों की त्रिकूद और महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता।

अबूबाकर ने 16.21 मीटर की कूद लगाई हालांकि उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 17.19 मीटर है। पूजा ने चार मिनट 11.63 सेकेंड का समय निकाला।

### भारत के स्वर्ण पदक

- ज्योति याराजी: 100 मीटर बाधा दौड़
- तेजस शिरसे: 110 मीटर बाधा दौड़
- अब्दुल्ला अबूबकर: ट्रिपल जंप
- पूजा: 1500 मीटर
- पुरुष 4X100 मीटर रिले
- महिला 4X100 मीटर रिले

## 30 पहलवानों को किया डब्ल्यूएफआई ने निलंबित

**नई दिल्ली, 7 जून।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने जूनियर स्तर पर अधिक उम्र के पहलवानों पर शिकंजा कसते हुए जांच के बाद 30 पहलवानों को अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया है। डब्ल्यूएफआई ने मुख्य रूप से दिल्ली के अखाड़ों के प्रशिक्षकों और पहलवानों की शिकायतों पर कार्रवाई की, जिसमें कहा गया था कि पहलवानों ने फर्जी प्रमाण पत्र हासिल करके यह दिखाया है कि वे राष्ट्रीय राजधानी में पैदा हुए हैं।

# भारतीय तीरंदाजों ने किया निराश

**अंताल्या (तुर्की), 7 जून।** भारतीय तीरंदाज यहां विश्व कप के तीसरे चरण से खाली हाथ लौटेंगे जिससे टीम चयन, तैयारी, मानसिक दृढ़ता पर सवाल उठने तय है चूंकि एशियाई खेलों में अब एक साल का ही समय रह गया है। पिछले महीने शंघाई में भारत दो स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा था। लेकिन अंताल्या में तीसरे चरण में रिकर्व और कंपाउंड दोनों वर्गों में निराशा हाथ लगी। कंपाउंड वर्ग में व्यक्तिगत और टीम दोनों स्पर्धाओं में भारत के बाहर होने के बाद रिकर्व वर्ग में भी नतीजे उतने ही निराशाजनक रहे। चार बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी और तरूणदीप राय पदक दौर में भी नहीं पहुंच सके। सिमरनजीत कौर ने जरूर सभी को चौंकाते हुए ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अन सान के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबला शूटआफ तक खींचा। सिमरनजीत एक समय 5 .3 से आगे थी और उन्हें जीतके लिये एक ही अंक की जरूरत थी लेकिन निर्णायक सेट में वह लय कायम नहीं रख पाई।

# खेल सम्मान समारोह के लिए आवेदन 11 जून से




**पटना, 7 जून।** खेल विभाग, बिहार सरकार और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त को होने वाले खेल सम्मान समारोह के लिए आवेदन 11 जून से होगा। आवेदन ऑनलाइन बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की वेबसाइट पर जाकर करना होगा। आवेदन 10 जुलाई (रात 12 बजे) तक करना होगा। इस सम्मान समारोह के लिए आवेदन वही कर सकते हैं जिन्होंने 1 अप्रैल,2024 से लेकर 31 मार्च तक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में राज्य व राष्ट्र के लिए पदक जीते हों। विशेष जानकारी आप बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की वेबसाइट और उसके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जाकर हासिल कर सकते हैं। यह जानकारी बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण ने वीडियो जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि 11 जून को दिन 12 बजे से आवेदन के लिए पोर्टल शुरू होगा और 10 जुलाई को रात 12 बजे बंद हो जायेगा। 10 जुलाई को रात 12 बजे के बाद खिलाड़ी आवेदन नहीं कर पायेंगे। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी सम्मान समारोह के दौरान नकद राशि और प्रशस्ति पत्र सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों को दी जायेगी।



ताइवान ओपन एथलेटिक्स में महिला 100 मीटर बाधा दौड़ की स्वर्ण पदक विजेता भारत की ज्योति याराजी।

## बिहार के आनंद शंकर राजहंस बने संयुक्त सचिव

**नई दिल्ली, 7 जून।** हिमाचल प्रदेश के वीरेंद्र कंवर शनिवार को भारतीय वॉलीबॉल महासंघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उन्होंने लंबे समय से प्रतीक्षित चुनावों में यहां नगालैंड के प्रेम सिंह बाजोर को मात्र दो वोट से हराया। बिहार के आनंद शंकर राजहंस संयुक्त सचिव चुने गए। इन चुनावों में अंतरिम समिति का भी चयन किया गया। कंवर को 33 मत मिले जो बाजोर से दो ज्यादा थे। तीसरे उम्मीदवार बिहार के आनंद शंकर को एक भी मत नहीं मिला। राजस्थान के रामानंद चौधरी 33 वोट पाकर नए महासचिव बने, उन्होंने महाराष्ट्र के नीलेश जगताप को चार वोटों से हराया। तेलंगाना के एन वी हनमनाथ और असम के सुशांत विश्वा 36–36 मतों के साथ उपाध्यक्ष चुने गये जबकि हरि सिंह चौहान (मध्य प्रदेश) ने कोषाध्यक्ष पद का चुनाव जीता। आनंद शंकर और कुलदीप वत्स ने दो संयुक्त सचिव पदों पर जीत हासिल की। बिनॉय जोश, मिथलेश कुमार, उत्तम राज, एस रामदास और पार्थ दास को कार्यकारी समिति के सदस्य के रूप में चुना गया। इन चुनावों से पहले रोहित राजपाल की अगुवाई वाली तदर्थ समिति महासंघ का कामकाज देख रही थी।

## संक्षिप्त

### सोगरवाल ने जीएम करेन को हराया

**नई दिल्ली।** उभरते हुए शतरंज खिलाड़ी वैराज सोगरवाल ने आर्मेनिया के ग्रैंड मास्टर (जीएम) करेन एच ग्रिगोरियन को हराकर शनिवार को यहां दिल्ली इंटरनेशनल ओपन ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में उलटफेर के साथ आगाज किया। दिन का दूसरा उल्लेखनीय परिणाम 17 वर्षीय मीतांश दीक्षित और जॉर्जिया के जीएम लेवन पंत्सुलिया के बीच ड्रॉ मुकाबला रहा। शीर्ष वरीयता प्राप्त जीएम एसएल नारायणन ने सिंगापुर के साई सिद्धार्थ पर आसान जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। भारत के ही जीएम दिप्तायन घोष, अभिजीत गुप्ता और अर्मेनिया के मैनुअल पेट्रोसियन अपने-अपने शुरुआती मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की।

आकाश टाइगर्स ने नॉर्थ मुंबई पैंथर्स को टी20 मुंबई लीग में हराया

### टी20 मुंबई लीग में आकाश टाइगर्स जीता

**मुंबई।** आकाश टाइगर्स मुंबई वेस्टर्न सबअर्ब्स ने टी20 मुंबई लीग के वर्षाबाधित मैच में शनिवार को नॉर्थ मुंबई पैंथर्स को 22 रन से हरा दिया। भारी बारिश के कारण प्रति टीम पांच ओवर का मैच कराया गया जिसमें आकाश टाइगर्स ने सात विकेट पर 66 रन बनाये। जवाब में पृथ्वी साव ने 12 गेंद में 19 रन बनाये लेकिन नॉर्थ मुंबई पैंथर्स की टीम दो विकेट पर 44 रन ही बना सकी। इससे पहले सूर्यकुमार यादव की ट्रायंफ नाइट्स मुंबई नॉर्थईस्ट और नमो बांद्रा ब्लास्टर्स के बीच मैच बारिश के कारण पूरा नहीं हो सका जिससे दोनों टीमों को एक एक अंक मिला।

### शंकर और जयराम ने इस्तीफा दिया

**बेंगलुरु।** ए शंकर और ई एस जयराम ने कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के सचिव और कोषाध्यक्ष के अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। इन दोनों ने आईपीएल चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विजय समारोह के दौरान मची भगदड़ की नैतिक जिम्मेदारी ली है, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी।

भारत को गिल को लंबे समय तक टेस्ट कप्तानी की जिम्मेदारी देनी चाहिए: पोंटिंग

### गिल को लंबे समय तक कप्तानी देनी चाहिए

**नईदिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत ने टेस्ट टीम की कमान शुभमन गिल को सौंपकर सही फैसला किया है और अब इस युवा बल्लेबाज को खुद को साबित करने के लिए लंबे समय तक मौका दिया जाना चाहिए। पोंटिंग को उम्मीद है कि भारतीय टीम मौजूदा बदलाव के दौर को अन्य देशों की तुलना में बेहतर तरीके से निपट सकती है। भारतीय टीम 20 जून से इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में नयी शुरुआत करेगी। टीम को हाल ही में संन्यास लेने वाले विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के अलावा फिटनेस संबंधी परेशानी का सामना कर रहे मोहम्मद शमी की सेवाएं नहीं मिलेंगी।

### नाथन लियोन ने ऑस्ट्रेलिया को चेताया

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला 11 जून से दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच शुरू होने वाला है। इस फाइनल मुकाबले को लेकर ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन ने अपनी टीम को चेतावनी देते हुए कहा कि दक्षिण अफ्रीका काफी ताकतवर टीम है, उससे सावधान रहना होगा। नाथन लियोन ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका की शक्तिशाली बल्लेबाजी लाइन-अप को कम ना आंके। लियोन ने स्वीकार किया कि फाइनल में पिछले अनुभव से उनकी टीम को फायदा हो सकता है। हालांकि उनका मानना है कि मैच शुरू होने के बाद यह ज्यादा मायने नहीं रखेगा। आईसीसी ने लियोन के हवाले से लिखा कि विपक्षी दक्षिण अफ्रीका टीम के पास टेस्ट मैचों के कुछ वर्ल्ड क्लास बल्लेबाज हैं। जाहिर है कि उनके पास कुछ अविश्वसनीय गेंदबाज भी हैं, इसलिए यह एक शानदार चुनौती होगी।

# अंडर-19 वीमेंस टी20 ट्रॉफी में टीम बी व सी जीतीं

**पटना, 7 जून (खेलढाबा)।** पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में शनिवार को बीसीए वीमेंस अंडर-19 टी20 ट्रॉफी का शानदार आगाज हुआ। पहले दिन के मुकाबले में टीम बी और टीम सी ने जीत हासिल की।

टीम बी ने टीम ए को 4 रन से जबकि टीम सी ने टीम डी को 3 विकेट से हराया। टीम बी की दीपा शतक बनाने से चूकी। उन्होंने 90 रन की पारी खेली। टीम ए की प्रतिभा सैनी ने अच्छी बैटिंग की और 70 रन बनाये।

पहला मुकाबला टीम बी और टीम ए के बीच खेला गया। टॉस टीम बी ने जीता और पहले बैटिंग करने का फैसला किया। दीपा के नाबाद 90 और स्वीटी कुमारी के 37 रन की बदौलत टीम बी ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 165 रन बनाये।

जवाव में टीम ए 20 ओवर में चार विकेट पर 161 रन ही बना सकी। टीम ए की ओर से प्रतिभा सैनी और सलोनी कुमारी ने शानदार बैटिंग कर की और 123 रन की साझेदारी पहले विकेट के लिए किया। इसके बाद के बैटरों ने धीमा खेला और टीम ए जीत के करीब पहुंच कर 4 रन से मैच हार गया। प्रतिभा सैनी ने 41 गेंद में 14 चौका की मदद से 70 और सलोनी कुमारी ने 49 गेंद में 5 चौका व 1 छक्का की मदद से 46 रन बनाये। सोनी कुमारी ने 11 रन की पारी खेली। अतिरिक्त से 27 रन बने। दीपा को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

दूसरे मैच में टीम सी की जीत में अतिरिक्त रन का काफी बड़ा योगदान रहा। अतिरिक्त के सहारे 50 रन बने और टीम सी ने डी को 3 विकेट से हराया। इस मैच में टीम डी ने टॉस जीता और पहले बैटिंग करने का फैसला किया। नेहा कुमारी के शानदार 58 रन की पारी की बदौलत टीम डी ने 20 ओवर में7 विकेट पर 139 रन बनाये। शिखा सैनी ने 12 रन की पारी खेली। अतिरिक्त से 39 रन बने।

जवाब में बॉबी कुमारी ने 47 रन की पारी खेली। याशिका ने 24 रन का योगदान दिया और टीम सी का स्कोर निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 143 रन पहुंच गया। चैताली संजीत ने चौका मार कर टीम को जीत दिलाई। अतिरिक्त के सहारे 50 रन बने जिसमें 42 रन वाइड के सहारे आये। इसका मतलब है कि खराब गेंदबाजी टीम डी के लिए घातक साबित हुआ। विजेता टीम की वर्षा उपाध्याय (6 रन, 2 विकेट) को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

#### संक्षिप्त स्कोर

**टीम बी** : 20 ओवर में 3 विकेट पर 165 रन, अक्षरा गुप्ता 9, दीपा नाबाद 90, स्वीटी कुमारी 37, अतिरिक्त 24, सौम्या अखौरी 1/29, सलोनी कुमारी 1/14, प्रतिभा 1/19

**टीम ए** : 20 ओवर में चार विकेट पर 161 रन, प्रतिभा 70,सलोनी कुमारी 46, सोनी कुमारी 11,अतिरिक्त 27, काजल 1/24, अक्षरा गुप्ता 1/39, खुशबू 1/16

**टीम डी** : 20 ओवर में 7 विकेट पर 139 रन, नेहा कुमारी 58, शिखा सैनी 12, अतिरिक्त 39, सागरिका कुमारी 1/39, प्राची कुमारी 2/27, जूली कुमारी 1/8, चैताली संजीत 1/12, वर्षा उपाध्याय 2/11

**टीम सी**: 20 ओवर में 7 विकेट पर 143 रन, बॉबी कुमारी 47, याशिका 24, अतिरिक्त 50,रिशु 2/9, मुखरा भारद्वाज 4/28





### विनय-श्याम मेमोरियल क्रिकेट बिदुपुर में आज से

**हाजीपुर, 7 जून।** आगामी 8 जून से वैशाली जिला के बिदुपुर स्थित बिहार क्रिकेट एकेडमी ग्राउंड पर आयोजित होने वाले विनय श्याम मेमोरियल अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। टूर्नामेंट का पहला मैच बीसीए ब्लू बनाम रॉयल चैलेंजर्स ऑफ बिहार के बीच खेला जायेगा।

टूर्नामेंट के कार्यक्रम इस प्रकार हैं-

9 जून : क्रिकेट कोचिंग सेंटर, पटना बनाम आरुणि क्रिकेट एकेडमी बथनाहा

10 जून : आरुणि क्रिकेट एकेडमी, बथनाहा बनाम रॉयल चैलेंजर्स ऑफ बिहार

बीसीए ब्लू बनाम क्रिकेट कोचिंग सेंटर पटना

11 जून : सुदय क्रिकेट एकेडमी बनाम अर्जुना क्रिकेट एकेडमी

22 यार्ड क्रिकेट एकेडमी बनाम वाईसीसी पटना

12 जून : वाईसीसी पटना बनाम अर्जुना क्रिकेट एकेडमी

22 यार्ड क्रिकेट एकेडमी बनाम सुदय सीए

13 जून : 22 यार्ड क्रिकेट एकेडमी बनाम कैम्ब्रिज क्रिकेट एकेडमी

मिथिला क्रिकेट एकेडमी बनाम भारती क्लब

# हैप्पी हाई स्कूल 22 रन से जीता

**पटना, 7 जून (खेलढाबा)।** स्थानीय कृष्णा क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहे माई कैरियर व्यू कप अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट में हैप्पी हाई स्कूल ने बीपीसीए रेड को 22 रन से हराया।

टॉस बीपीसीए रेड ने जीता और हैप्पी हाईस्कूल को बैटिंग का न्योता दिया। हैप्पी हाईस्कूल ने रचित पांडेय (51 रन, 57 गेंद, 7 चौका) के अर्धशतक की मदद से 23 ओवर में 8 विकेट पर 152 रन बनाये। रोहण सिंह ने 35 रन की पारी खेली। आयुष सिंह ने बीपीसीए रेड की ओर से 3 विकेट चटकाये। जवाब में बीपीसीए रेड की टीम 23 ओवर में 8 विकेट पर 130 रन पर ऑल आउट हो गई। अभिनव प्रकाश ने 34 रन की पारी खेली। हैप्पी हाईस्कूल की ओर से अलंकृत ने 2 विकेट चटकाये। विजेता टीम के अलंकृत (11 रन, 2 विकेट) को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।



माई कैरियर व्यू कप

♦ बीपीसीए रेड की टीम हारी

#### संक्षिप्त स्कोर

**हैप्पी हाईस्कूल** : 23 ओवर में 8 विकेट पर 152 रन, रचित पांडेय 51, रोहन सिंह 35,अलंकृत 11,अतिरिक्त 29, आरव अरविंद 2/13, आयुष सिंह 3/20, नैतिक अर्णव 1/33

**बीपीसीए रेड** : 23 ओवर में 8 विकेट पर 130 रन, अभिनव प्रकाश 34, मोहित 15, आर्यन भेलारी नाबाद 14, अंकित मंडल 14, अभय सिंह नाबाद 24, कुमार सार्थक 1/21, यश राज 1/11, आर्यन रावत 1/28, रोहन सिंह 1/37, अलंकृत 2/12

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम यूरोप में खेलेगी

**नई दिल्ली, 7 जून।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम इस साल चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप की तैयारियों के सिलसिले में आठ से 17 जून तक बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के खिलाफ पांच मैच खेलेगी। भारतीय टीम ने हाल ही में अर्जेंटीना के रोसारियो में चार देशों के टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया, जहां से वह सीधे बेल्जियम के लिए रवाना हो गई थी। भारत यूरोप के अपने दौरे की शुरुआत एंटवर्प के हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, विलरिज प्लीन में बेल्जियम के खिलाफ तीन मैचों के साथ करेगा। इसके बाद भारतीय टीम कोंटिच में बीयरशॉट टेनिस हॉकी पैडल क्लब में आस्ट्रेलिया से भिड़ेगी।

# लर्निंग स्कूल ऑफ क्रिकेट फाइनल में

**पटना, 7 जून (खेलढाबा)।** सरदार पटेल स्पोर्ट्स फाउंडेशन के तत्वावधान में खेले जा रहे जीएनआईओटी कप अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में लर्निंग स्कूल ऑफ क्रिकेट ने अपनी जगह पक्की कर ली है। पहले सेमीफाइनल में लर्निंग स्कूल ऑफ क्रिकेट ने क्रिकेट कोचिंग सेंटर को 8 विकेट से हराया। स्थानीय कृष्णा क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहे इस टूर्नामेंट में क्रिकेट कोचिंग सेंटर ने टॉस जीता और पहले बैटिंग करने का फैसला किया और 18.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 112 रन बनाये। क्रिकेट कोचिंग सेंटर की ओर से गणेश कुमार ने 16, अर्जुन प्रियदर्शी ने 20, विशाल पांडेय ने 11, स्पर्श ने 10, समन कुमार ने 13, प्रिंस राज ने 19 रन बनाये। लर्निंग स्कूल ऑफ क्रिकेटर की ओर से करण कुमार,रुपेश और मंजीत कुमार ने 3-3 विकेट चटकाये। जवाब में मंजीत कुमार के नाबाद 40 और चंदन कुमार के नाबाद 36 रन की मदद से 18.1 ओवर में दो विकेट पर 118 रन बना कर लर्निंग स्कूल ऑफ क्रिकेट ने मैच अपने नाम कर लिया। विजेता टीम के मंजीत कुमार को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जन सुराज नेत्री बंदना कुमारी ने प्रदान किया।



जीएनआईओटी कप

♦ क्रिकेट कोचिंग सेंटर हारा

संक्षिप्त स्कोर

क्रिकेट कोचिंग सेंटर : 18.2 ओवर में 112 रन पर ऑल आउट, गणेश 16, अर्जुन 20,विशाल 11, स्पर्श 10,समन 13,प्रिंस राज 19, करण 3/26, पीयूष 1/17, रुपेश 3/29, मंजीत 3/20

लर्निंग स्कूल ऑफ क्रिकेट : 18.1 ओवर में 2 विकेट पर 118 रन, मासूम राजपूत 28, मंजीत नाबाद 40, चंदन कुमार नाबाद 36, विशाल पांडेय 1/11, भास्कर आनंद 1/21

# डीएवी कोयलानगर चैंपियन



**धनबाद, 7 जून (खेलढाबा)।** अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर को सात विकेट से हराकर डीएवी पब्लिक स्कूल कोयलानगर ने रामनाथ सिंह मेमोरियल अंतर स्कूल अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है। पिछले दिन हुई वर्षा से मैदान गीला रहने के कारण मैच देर से शुरू हुआ और इसे 17-17 ओवरों का कर दिया गया। जियलगोरा स्टेडियम में शनिवार को टॉस जीतकर डीएवी ने अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर को पहले बल्लेबाजी करने को कहा। निर्धारित ओवर में अग्रसेन ने छह विकेट पर 84 रन बनाए। इसमें आयुष राज सिंह ने 20, धनराज कुमार सिंह ने अविजित 14 और आनंद गोप का 16 रनों का योगदान रहा। कोयलानगर के अंश राज ने दो विकेट लिए जबकि अनुराग कुमार, कुमार अंशुमान और देवांश तेजस को एक एक विकेट मिला। बाद मैं कोयलानगर ने 13.4 ओवर में तीन विकेट पर 89 रन बना मैच जीत लिया। अंश राज 50 और आदित्य राज 28 रन बनाकर नाबाद रहे।

### भारतीय दल राष्ट्रमंडल खेल अधिकारियों से मिला

**मुंबई, 7 जून।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए), केंद्र और गुजरात राज्य सरकार के एक प्रतिनिधिमंडल ने अहमदाबाद में 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के अधिकार हासिल करने से संबंधित प्रक्रिया और तरीकों को बेहतर ढंग से समझने के लिए लंदन में राष्ट्रमंडल खेल अधिकारियों से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में आईओए प्रमुख पीटी उषा और केंद्रीय खेल मंत्रालय के साथ-साथ गुजरात राज्य सरकार के अधिकारी शामिल थे। उन्होंने लंदन में दो दिनों तक राष्ट्रमंडल खेल अधिकारियों से मुलाकात की। दावेदारी की अंतिम बोली के लिए प्रस्ताव 31 अगस्त तक प्रस्तुत किए जाने की उम्मीद है जबकि राष्ट्रमंडल खेल 2030 के लिए मेजबान शहर का चयन इस साल नवंबर में किया जाएगा।

# भारत ए के खिलाफ इंग्लैंड लायंस के 3/192

**नॉर्थम्पटन, 7 जून।** भारत ए के 348 रन के जवाब में इंग्लैंड लायंस ने चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को 46 ओवर में तीन विकेट पर 192 रन बना लिये। जोर्डन कॉक्स 31 रन बनाकर खेल रहे हैं जबकि जेम्स रियू ने अभी खाता नहीं खोला है। खराब रोशनी के कारण दूसरे दिन का खेल जल्दी समाप्त करना पड़ा और आखिरी सत्र में 13 ओवर ही फेंके जा सके।

इंग्लैंड लायंस अभी भी 156 रन पीछे है। एमिलियो गे ने मेजबान टीम के लिये 117 गेंद में सात चौकों की मदद से 71 रन बनाये। उन्हें दिन के आखिरी ओवर में तनुष कोटियान ने पगबाधा आउट किया।

लंच से पहले अंशुल कम्बोज ने भारत को पहली सफलता दिलाते हुए बेन मैकिनी (12) को विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों लपकवाया। इससे पहले मैकिनी को आठवें ओवर में प्वाइंट पर जीवनदान मिला था। लंच के बाद तुषार देशपांडे ने टॉम हैंस को आउट करके दूसरे विकेट की 94 रन की साझेदारी को तोड़ा। विकेट के पीछे जुरेल ने ही उनका कैच लपका।

हैंस ने 88 गेंद में नौ चौकों की मदद से 54 रन बनाये।

इससे पहले भारत ए ने सात विकेट पर 319 रन से आगे खेलते हुए अपने स्कोर में 29 रन और जोड़े। तनुष कोटियान 37 गेंद में 15 रन बनाकर और कम्बोज दो रन पर आउट हो गए।



जोशुआ टंग ने दोनों को आउट किया और तुषार देशपांडे (11) के रन आउट में भी अहम भूमिका निभाई। खलील अहमद सात रन बनाकर नाबाद रहे।

भारत ए के लिये केएल राहुल ने 116 और जुरेल ने 52 रन बनाये थे। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला का पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में खेला जायेगा।

## ताइवान ओपन एथलेटिक्स लहरा दो तिरंगा




अब्दुल्ला अबूबकर




पूजा



तेजस शिरसे



महिला 4X100 मीटर रिले



पुरुष 4X100 मीटर रिले

### प्रो लीग : नीदरलैंड से हारी भारतीय हॉकी टीम

**एम्सटेलवीन, 7 जून।** एक गोल से बढत बनाने के बावजूद भारतीय पुरूष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के पहले मैच में शनिवार को ओलंपिक चैम्पियन नीदरलैंड के हाथों 2-1 से हार गई। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 19वें मिनट में पेनाल्टी कॉर्नर पर दागकर भारत को बढत दिला दी थी लेकिन नीदरलैंड के लिये थीज वैन डैम ने दो फील्ड गोल (25वां और 58वां मिनट) करके भारत के जीत के मंसूबों पर पानी फेर दिया। भुवनेश्वर में खेले गए प्रो लीग के घरेलू चरण में आठ मैचों में 15 अंक हासिल करके भारत तीसरे स्थान पर है। बेल्जियम और नीदरलैंड में अगले साल होने वाले विश्व कप में सीधे जगह बनाने के लिये भारतीय टीम की नजरें यूरोपीय चरण में अधिकतम अंक जुटाने पर लगी हैं लेकिन आगाज जीत के साथ नहीं हो सका। भारतीय टीम ने शानदार शुरूआत की और अच्छे पास देकर गेंद पर नियंत्रण बनाये रखा। पहले आठ मिनट में दोनों टीमों ने रक्षात्मक हॉकी दिखाई। भारत को इसके बाद गोल करने का सुनहरा मौका मिला जब डच सर्कल के भीतर दिलप्रीत सिंह को गेंद मिली लेकिन उसे गोलकीपर मौरित्ज विसेर ने बचा लिया। वहीं नीदरलैंड ने जवाबी हमला बोला और थियरी ब्रिंकमैन दाहिने फ्लैंक से भारतीय सर्कल में सेंध लगाने घुसे लेकिन भारतीय डिफेंडरों ने चुस्ती दिखाई।